# मंच संचालन के लिये कामिनी कौशिक का नाम 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज

## चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के धमतरी ज़िले के कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने धमतरी नगर की महिला कामिनी कौशिक को एंकरिंग के क्षेत्र में अधिकतम संचालन के लिये गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से सर्टिफिकेट, मैडल, लोगो और टी-शर्ट प्रदान किया।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि कामिनी कौशिक ने विशेष अवसरों, जैसे आध्यात्मिक, धार्मिक, समाज सेवा, साहित्य, राजनीति, ज़िला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पारिवारिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद आदि पारिवारिक, सामुदायिक, सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह उत्सव, जन्मोत्सव एवं श्रद्धांजलि सभा और गोष्ठियों आदि शासकीय एवं गैर शासकीय आयोजनों व अवसरों में सतत् सफलतापूर्वक एंकरिंग (मंच का संचालन) किया है। इसके लिये कामिनी कौशिक को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के सम्मान से सम्मानित किया गया है।
- धमतरी ज़िले की मंच संचालिका कामिनी कौशिक हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में ही मंच संचालन करने में पारंगत हैं। कामिनी धमतरी में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाती है। इन्होंने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने के लिये लगभग 1500 साक्ष्य प्रस्तुत किये थे।
- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड (GBWR) एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक है। इस रिकॉर्ड बुक का उद्देश्य उन लोगों को एक मंच देना है जिनमें कुछ छिपी प्रतिभा है, जो दूसरों से आगे खड़े होना चाहते हैं और अद्वितीय प्रयास करके इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं।
- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुनिया भर में ऐसे प्रतिभाशाली लोगों के लिये अद्वितीय उपलब्धियों को पहचानने और प्रकाशित करने के लिये सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।
- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड न केवल किसी व्यक्ति/संगठन को रिकॉर्ड तोड़ने का प्रमाण पत्र देता है बल्कि आम आदमी को कई रिकॉर्ड भी सुझाता है जिसे वे तोड़ सकते हैं और इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में अपनी पहचान बना सकते हैं।
- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड रिकॉर्ड बनाने या तोड़ने के साथ पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक गतिविधियों को करने के लिये कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSRs) के लिये एक अच्छा अवसर प्रदान करता है, जो कॉर्पोरेट ब्रांडिंग और नए उत्पादों और सेवाओं के प्रचार के लिये भी उपयोगी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kamini-kaushik-s-name-registered-in-golden-book-of-world-records-for-stage-management